भारत सरकार
खान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 561
दिनांक 22.07.2026 को उत्तर देने के लिए

टंगस्टन और लिथियम भंडार

561. श्री हनुमान बेनीवालः

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राजस्थान के नागौर जिले के डेगाना क्षेत्र की रेवंत पहाड़ी और अन्य क्षेत्रों में टंगस्टन और लिथियम के भंडार देश के सामरिक रूप से महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों में से एक हैं;
(ख) यदि हाँ, तो उक्त क्षेत्रों में स्थित टंगस्टन खदानों में खनन कार्य पुनः शुरू करने के लिए अब तक की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) क्या सरकार ने उक्त क्षेत्रों में खनन शुरू करने के लिए किसी सार्वजनिक या निजी संस्था को खनन पट्टा/अन्वेषण लाइसेंस/नीलामी राशि प्रदान की है और यदि हाँ, तो इसकी समय-सीमा और प्रस्तावित निवेश सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) यदि डेगाना टंगस्टन परियोजना अभी तक शुरू नहीं हुई है, तो इसके मुख्य कारण क्या हैं और सरकार ने इसे शुरू करने के लिए क्या संभावित समय-सीमा तय की है?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चंद्र दुबे)

(क) से (घ) भारत सरकार द्वारा खनन पट्टा प्रदान करने के लिए राजस्थान के नागौर में स्थित आरएएमबी, डेगाना टंगस्टन, लिथियम और संबंधित खनिज ब्लॉक की नीलामी दो ट्रांच, पहले ट्रांच-6 में और दूसरी बार ट्रांच-7 में की गई। हालाँकि, दोनों मौकों पर, कोई स्वीकार्य बोली प्राप्त नहीं हुई और ब्लॉक की नीलामी रद्द कर दी गई।

*****